आजकल देश के प्रत्येक भाग से नित्य ही ऐसे समाचार प्राप्त होते हैं कि किसी **'अब्दुल'** ने हिन्दू नाम सोनू, मोनू, गोलू रखकर हिन्दू लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया या फिर किसी **'आफताब'** ने हाथों में कलावा बाँधकर हिन्दू होने का ढोंग रच कर किसी हिन्दू बहन के साथ बलात्कार किया। ऐसी घटनायें हाल के वर्षों में अप्रत्याशित रूप से बढ़ती गई हैं। ये घटनाएँ एक विशेष मजहबी उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीक़ों से की जा रही हैं, जिन्हें **लव-जिहाद** कहते हैं। जब कोई ग़ैर हिन्दू युवक या युवती, अपनी असली पहचान छुपाकर, धोखा देने के उद्देश्य से, प्रेम का नाटक करके किसी के कन्वर्शन/धर्म-परिवर्तन का प्रयास करते हैं, तो ऐसी सारी गतिविधियाँ **लव-जिहाद** के अंतर्गत आती हैं। **लव-जिहाद,** मात्र एक अवधारणा या कपोल-कल्पना नहीं है, बल्कि आज के समाज की वास्तविकता है, कटु सत्य है, सकल हिन्दू समाज को एक नये प्रकार की चुनौती है। अगर हम अखण्ड भारतवर्ष की बात करें, तो विदेशी आक्रमणकारियों के आने के लाखों वर्षों पूर्व से यहाँ पर एक विलक्षण एवं सम्पूर्ण सभ्यता निवास करती आ रही है, जिन्हें सनातनी या हिन्दू कहा जाता है। हमारी इसी सभ्यता ने **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** की भावना को आत्मसात करते हुए सभी को बिना किसी भेदभाव के ससम्मान न केवल अपनाया, बल्कि उनका पालन-पोषण भी किया। एक ऐसी सभ्यता, जिसने यह कभी नहीं कहा कि केवल हम ही सही हैं, बाक़ी सब असत्य हैं, पाखण्ड है, ढोंग है या यह कि जिस किसी को यहाँ रहना है, तो उन्हें हमारी आस्था, पूजा-पद्धति, नियमों, परंपराओं को अपनाना ही होगा अथवा हिन्दू धर्म में कन्वर्ट होना पड़ेगा! क्योंकि यह सर्वमान्य सत्य है कि विश्व में कहीं भी जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो वह एक हिन्दू के रूप में ही जन्म लेता है। कन्वर्शन तो उसके जन्म के बाद कुछ विशेष बाह्य शल्य क्रियाओं के द्वारा ही किया जाता है।

हम विश्व का एकमात्र धर्म हैं, बाकी सब दर्शन, पंथ, रिलीजन या मजहब हैं। हम एकमात्र वह धर्म (रिलीजन के अर्थ में) हैं, जो अपना प्रचार नहीं करता, अपनी विचारधारा किसी पर नहीं थोपता, किसी का कन्वर्शन करवाने का इरादा नहीं रखता। हम एकमात्र वह सभ्यता हैं, जो नित्य नूतन विचारों पर विमर्श के तमाम रास्ते खुले रखता है, न कि उन लोगों की हत्या करने के मंसूबे रखता है, जिनके विचार, हमारे विचारों से मेल नहीं खाते। हम एकमात्र वह धर्म हैं, जो कण-कण में प्रकृति-रूप ईश्वर को देखने का सामर्थ्य रखता है। हम एकमात्र वह धर्म हैं, जो विश्वधर्म कहलाने का अधिकारी है, क्योंकि हमारा धर्म किन्हीं अंध-अनुयायियों की फौज नहीं है, वरन् हमारा धर्म प्राणीमात्र (मनुष्य के साथ सारे जीव) के कल्याण के लिए है। हम विश्व के एकमात्र वह देश भी हैं, जिसने कभी किसी की भूमि हथियाने, लूटने या अपनी सेंया बढ़ाने के उद्देश्य से किसी अन्य देश पर आक्रमण नहीं किया।

यद्यपि हमारी इसी उदारता, इसी सहिष्णुता एवं इसी सदाशयता के चलते हिन्दू धर्म को लगातार हजारों वर्षों से मिटाने के अनगिन प्रयास किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय यह भी है कि जहाँ

तमाम दूसरे देश, जो कभी ग़ैर-मुस्लिम हुआ करते थे, कुछ ही वर्षों में अनेकविध उपायों से पूरी तरह कन्वर्ट कर दिये गये, वहीं भारत देश में इतने वर्षों के बाद भी कन्वर्जन की दर उन देशों की तुलना में अपेक्षाकृत धीमी है। इस बात का श्रेय हमारे पूर्वजों को जाता है, जो कन्वर्ट होने की अपेक्षा अपने धर्म की रक्षा के लिए सतत संघर्षरत रहे। क्योंकि श्रीमद्भगवगीता के अध्याय 3 के श्लोक 35 में भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं कहा है - **"स्वधर्मे निधनं श्रेयः, परधर्मो भयावहः"** अर्थात् अपने धर्म का पालन करते हुए हुई मृत्यु भी श्रेष्ठ है, मगर किसी दूसरे के धर्म का पालन करना भयावह होता है। यह संघर्ष हमारे हिस्से में भी आया है, मगर अब उन संघर्षों के तौर-तरीक़े में बदलाव आ चुका है। अब आवश्यक नहीं है कि युद्ध केवल सीमा पर ही लड़े, बल्कि यह युग **'बौद्धिक-आतंकवाद'** का युग है। इस तरह के युद्ध में फेक नैरेटिव गढ़े जाते हैं, हमारी बुद्धि को कुछ इस तरह से प्रभावित किया जाता है कि हमारा विवेक (उचित एवं अनुचित का ज्ञान) शून्य हो जाए। हमें उन छद्म विमर्शों की पहचान

कर उन्हें निष्प्रभावी करना होगा, जिनसे हमारी बहन-बेटियों को बलात् अपने घर, परिवार, समाज और धर्म से दूर करने के लगातार दुष्प्रयास किये जा रहे हैं।

लव-जिहाद कैसे किया जाता है?

लव-जिहाद की अनेक घटनाओं से यह सिद्ध होता है कि इस तरह की गतिविधियाँ अक्सर नाम और मज़हब छुपा कर की जाती हैं। व्यक्ति अपना नाम केवल तभी छुपाता है, जब उसकी नीयत धोखा देने की होती है। शायद लव-जिहादी की सोच यही होती है कि एक बार प्रेमजाल में फँस जाने के बाद लड़कियों के सामने अपनी असली पहचान उजागर कर भी दी जाये, तो उन्हें कोई हानि नहीं होगी, बल्कि उसका लाभ ही होगा, क्योंकि अगर लड़की उसके मज़हब को स्वीकार कर लेती है, तब तो उनका ध्येय पूरा हो जाता है और अगर स्वीकार नहीं भी करती है, तब भी उसका भावनात्मक एवं शारीरिक रूप से शोषण किया जा सकता है। आप अगर कुछेक सालों की **लव-जिहाद** की घटनाओं पर शोध करेंगे, तो पढ़ेंगे कि इन सबका पैटर्न लगभग एक जैसा है - पहचान छुपाकर दोस्ती गाँठना, उसके बाद आर्थिक, मानसिक और दैहिक शोषण करना, उसके बाद उन पर कन्वर्शन का दबाव डालना।

क्या होता है, जब एक लड़की लव-जिहाद का शिकार बनती है?

किसी लड़की या महिला जब लव-जिहाद का शिकार बनती है, तो उससे केवल यही नहीं होता कि एक हिन्दू की संख्या कम हो जाती है, बल्कि स्त्री अपने आप में स्वयं परिवार है, कुटुंब की जननी है, धर्म-रक्षिका है। एक महिला के जाने से भविष्य की एक पूरी पीढ़ी समाप्त हो जाती है। जहाँ वह जाती है, वहाँ पर भी उसे सिवाय प्रताड़ना के कुछ और नहीं मिलता, बल्कि वह आने वाले समय में ऐसी संतति को जन्म देने की उत्तरदायी बन जाती है, जिसे बाद में हिन्दू-विरोध, धर्म-विरोध ही करना है। वह अनजाने में एक महापातकीय कार्य की उत्तरदायी बन जाती है। **लव-जिहाद** की दो ही परिणति होती है - **या तो कन्वर्ट होकर उनकी गुलाम (सेक्स स्लेव) बन जाओ या फिर शोषित होकर मारी जाओ।**

लड़कियों को लव-जिहाद से कैसे बचाएँ?

अपने बच्चों को हिन्दू धर्म की शिक्षा अवश्य ही दिलवाएँ। उन्हें किसी से घृणा करना नहीं सिखाएँ, मगर उनमें शत्रुबोध की भावना अवश्य विकसित करें। उन्हें अन्य मज़हबों के दुष्परिणाम भी अवश्य ही बताये जाने चाहिए। उन्हें छद्म-सेकुलर न बनाएँ, बल्कि असली पंथ-निरपेक्षता का अर्थ समझाएँ (क्योंकि धर्म-निरपेक्षता जैसी कोई चीज़ नहीं होती), हमें धर्म-सापेक्ष समाज की संरचना करनी ही होगी। दूसरा, उनकी सोशल मीडिया एक्टिविटी की मॉनिटरिंग करें, लव-जिहाद जैसी घटनाओं के बारे में उन्हें बताएँ, उनसे बात करें, उनका मार्गदर्शन करें। हालिया घटनाएँ इस ओर स्पष्ट रूप से इंगित करती हैं कि लव-जिहाद की शिकार हुई लगभग 90 प्रतिशत किशोरियाँ इंस्टाग्राम के माध्यम से ही जिहादियों के संपर्क में आई थीं। अतः बच्चों के सोशल मीडिया पर नज़र रखना सभी अभिभावकों का नैतिक कर्तव्य है। अगर कोई बच्ची बहकावे में आ भी जाती है, तो उसकी पर्याप्त काउन्सिलिंग की जानी चाहिए, उस पर क्रोध करने के बजाय उसका मार्गदर्शन किया जाना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता लेने में भी संकोच नहीं करना चाहिए।

जाहिलो ने जेहाद बनाया

कवि राहुल शर्मा उज्जैन

उषा की स्वर्णिम किरणों को ढलती सांझ बनाया है।
और भरोसे की मूरत को पूरा बांझ बनाया है।
खुशियों से मुस्काते चेहरे उनको रास नहीं आए।
मज़हब में अंधे होकर वो किंचित बाज़ नहीं आए।
जो उत्सव के लायक था उसको उन्माद बनाया है।
यहां प्रेम को चंद जाहिलों ने **जेहाद** बनाया है।

प्रेम पूज्य है इस भूमि पर जैसे पावन गंगा है।
सैनिक की धड़कन में बसता जैसे अमर तिरंगा है।
प्रेम वही लैला मजनू का बिस्मिल्लह शहनाई का।
जो कलाम को भारत से था कविता से वरदाई का।
इस भूमि पर प्रेम सिखाया कान्हा ने वरदान दिया।
केवल प्रेम के हेतु माता मीरा ने विषपान किया।
यहां प्रेम में स्वयं विधाता ने सर्वस्व लुटाया है।
प्रभु राम ने शबरी के झूठे बैरों को खाया है।

तुम दुर्गा सी शक्ति हो तुम काली खप्पर वाली हो।
अपने दम पर जीने वाली तुम घर की दिवाली हो।
तुमसे ही जगमग होता है पापा का घर द्वार जहां।
फिर क्यों भूल गई माता का नौ महीने का प्यार यहां।
जिनके आगे नैतिकता का शब्दकोश ही बौना है।
जिनके मजहब में औरत बस लगती एक खिलौना है।
उन दुष्टों से धर्म और यह हिंदुस्तान बचा लेना।
ख़िलजी सम्मुख पद्मिनी बनकर स्वाभिमान बचा लेना।

कांग्रेसी पार्षद का घिनौना चेहरा

दो मुस्लिम युवकों को लव जिहाद के लिए दिए लाखों रुपए बजरंगियों ने पकड़ा तो लव जिहादी बोले- हमें हिंदू युवतियों से शादी करने को कहा गया

कांग्रेसी पार्षद अनवर कादरी लव जिहादियों का मसीहा है। ये हम नहीं, बल्कि वे दो मुस्लिम युवक कह रहे हैं, जिन्हें बजरंगियों ने पकड़ा। इनके कबूलनामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दो मुस्लिम लव जिहादियों को पकड़ा। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी ने एक को 1 लाख व दूसरे को 2 लाख रुपए देकर कहा कि हिंदू युवतियों से शादी करो, उन्हें देह व्यापार के धंधे में उतारो। पकड़ाए लव जिहादी मुस्लिम युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बजरंग दल में आक्रोश है। दल ने मामले से जुड़े आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग के साथ बड़ी

संख्या में सड़क पर उतरने की बात कही। बहरहाल, बजरंगियों द्वारा दोनों मुस्लिम जिहादियों को बाणगंगा पुलिस के सुपुर्द किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। आज पीड़ित लड़कियों के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने साहिल पिता मोहम्मद आजम शेख निवासी मौनी बाबा आश्रम गली नं. 1 और अल्ताफ पिता मंजूर शाह निवासी गणेशधाम को कल सुपर कॉरिडोर पर हिंदू लड़की के साथ पकड़ा था। लड़की को रवाना करने के बाद दोनों मुस्लिम जिहादियों की जमकर खातिरदारी की गई। पूछताछ करने पर साहिल ने बताया कि उसे कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी ने 2 लाख रुपए देकर कहा कि हिंदू लड़की से शादी करो और देह व्यापार कराओ। वहीं दूसरे जिहादी अल्ताफ ने बताया उसे भी हिंदू लड़की से शादी करने के लिए अनवर कादरी ने 1 लाख रुपए दिए हैं। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बताया लव जिहादी साहिल कार शोरूम में काम करता है, वहीं अल्ताफ पेंटर है। दोनों को पकड़कर बाणगंगा पुलिस के सुपुर्द किया गया। संबंधित युवती के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज होगा। बजरंग दल ने आरोप लगाया कि पकड़ाए लव जिहादियों से पूछताछ में मिली जानकारी से साफ है कि कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी लव जिहादियों का मसीहा बन बैठा है और लाखों रुपए बांटकर हिंदू लड़कियों को शिकार बनवा रहा है। **जो बने कर लेना, इस्लाम धर्म कबूल करवाऊंगा** बजरंगियों ने बताया एक लव जिहादी के मोबाइल फोन में हिंदू युवती (प्रेमिका) की चैट खुली मिली।

बारोली (देवास) में लव जिहाद

एक और जीवन लव जिहाद की भेंट चढ़ा

एक बार फिर देवास जिला **लव जिहाद** की घटना के लिए चर्चा में है। देवास से सोनकच्छ के बीच स्थित ग्राम बारोली में एक नाबालिग जनजातीय बालिका ने आत्महत्या कर ली। दिनांक 2 जून 2025 को बारौली ग्राम में रहने वाली कक्षा दसवीं मे पढ़ने वाली 16 वर्षीय उपासना ने अपने घर में रसोई की छत पर लगे कमरे में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली।

परिवार की पीढ़ा - गुरुवार को बालिका के पिता सौदान सिंह व भाई के बयानों के बाद स्पष्ट हुआ कि प्रकरण लव जिहाद का है। परिवार ने एक मुस्लिम युवक अमन शेख पर आरोप लगाए हैं। परिवार ने इस मुस्लिम युवक पर युवती से छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी देने और प्रताड़ित करने जैसे आरोप लगाए हैं। दर्ज प्राथमिकी में परिवार ने बताया कि उनकी बेटी उपासना पढ़ने के लिए अपने गांव से सोनकच्छ जाया करती थी। इस दौरान राह मे अमन शेख अक्सर बालिका के साथ छेड़-छाड़ करता था। विगत लगभग 5-6 महीनों से वह उसे धमकाया करता था कि मेरे साथ भाग चल अन्यथा तेरे परिवार को खत्म कर दूंगा।

कार्यवाही - इस प्रकरण में परिवार द्वारा प्राथमिकी दर्ज करवा दी गई है। आरोपी बबलू शेख, अमन शेख पर धारा 108, 75 (1), 75 (2), 351 (3) सहित पोक्सो और अनुसूचित जाति-जनजाति एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। वर्तमान में आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

रामादल ने लहराया भारतीय संस्कृति का परचम

रामादल का यह शास्त्र एवं शस्त्र से सम्मत संस्कार शिविर आने वाली पीढ़ी के सृजन में एक बीज का कार्य करेगा जो आने वाले समय में बड़े वट-वृक्ष के रूप में समाज को अगले कुछ सालो में दिखाई देगा।

रामा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति (रामादल) के चौपड़ा वाटिका डॉ.अम्बेडकर नगर (महू) में आयोजित बारह दिवसीय संस्कार शिविर का समापन भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय

स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री सुरेंद्र मिश्रा एवं हिन्दू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री वरिष्ठ प्रचारक डॉ. मनीष उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि में महामंडलेश्वर संत श्री रामकृपाल दास त्यागी, अतिथि कस्टम एवं एक्साइज के पूर्व न्यायाधीश नरेंद्र नायर, अतिथि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल मंच पर उपस्थित रहे।

संस्थाध्यक्ष लोकेश शर्मा द्वारा बताया गया कि शिविर में लगभग 300 बच्चे सम्मलित हुए, जिन्होंने प्रतिदिन छह सत्रो में अलग-अलग प्रशिक्षण प्राप्त किए। संस्कार शिविर के तृतीय सत्र का समापन समरोह आयोजित किया गया जिसमें अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने मंच से अपने उद्बोधन में कहा कि हमने धरती में बीज बोने का प्रयास किया है, उस बीज के पालन-पोषण व रक्षण का काम अब पालकों को करना है जिससे ये बालक-बालिकाएं कल बड़े फलदार व छायादार वृक्ष बनें, जिनका लाभ सम्पूर्ण समाज को मिले।

समापन समारोह में बालक-बालिकाओं ने शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण का प्रकटीकरण भी किया जिसमें सभी ने शास्त्रों के मंत्रों का वाचन किया। बालिकाओं द्वारा महिषासुरमर्दिनी स्तोत्र, द्वादश ज्योतिर्लिंग मंत्र आदि का वाचन किया गया एवं दण्ड संचालन, दण्ड युद्ध, गत्ता फरी का भी प्रदर्शन किया गया। आयोजन के अंतर्गत योग शिक्षक - इन्दरसिंह, संस्कृत श्लोक शिक्षक पं आशीष शर्मा, खेल शिक्षक, दंड संचालन - श्रीकांत भार्गव, मनोज बाबा एवं गोविन्द वर्मा, खेल शिक्षक - सत्यनारायण परमार, आशीष ठाकुर, महेंद्र नीम, दीपक वर्मा, दीपक इंचुरकर, नीता दादू, महिमा यादव, अदिति कौशल एवं अमृता शर्मा को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया।

समापन समारोह में सभी बच्चों को उनके पालकों सहित आमंत्रित किया गया था। बच्चों के प्रदर्शन को देख पालकों का उत्साह चरम पर था। समापन समारोह में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व गणमान्य जन भी भारी संख्या में उपस्थित हुए। सभी ने शिविर में हुए प्रशिक्षण की बढ़-चढ़ कर प्रशंसा की। रामादल द्वारा सभी शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र, एक कपड़े का झोला और महापुरुषों की जीवनी वाली दो पुस्तकें भेंट में दी। मंच संचालन शिविर संरक्षक राजीव खंडेलवाल जी ने किया एवं आभार संस्था सचिव श्रीमती साधना शर्मा ने व्यक्त किया।

हमारी बातचीत

प्रिय पाठकों ,

अगले माह से आपकी अपनी पत्रिका जागृत मालवा में एक नया स्तम्भ हमारी बातचीत प्रकाशित होगा। इस स्तम्भ में आपके सुझाव और मन की बात प्रकाशित करेंगे। आप अपने सुझाव, मालवा-निमाड़ से जुड़ी बातें और समसामयिक विषयों पर अपनी बात व्हाट्सएप, ई-मेल या पत्र के माध्यम से भेज सकते है। आप पत्रिका के लिए सुझाव और अपने मौलिक विचार भी लिख कर भेज सकते हैं, जिनकी सहायता से हम जागृत मालवा को और अधिक अपनी बना सकेंगे।

आपके चयनित पत्रों को हम इस स्तम्भ में प्रकाशित भी करेंगे।

व्हाट्सएप - ९९७७७१२५६१
ईमेल - jagrutmalwa@gmail.com
पता -विश्व संवाद केन्द्र, अर्चना, 76 रामबाग, इन्दौर

लव जिहाद और धार्मिक मूल्यों का ह्रास

अनुभूति निगम

जब प्रेम अपने स्वरूप को खो दे, और विश्वास छलावे में बदल जाए, तब समाज के मूल स्तंभ डगमगाने लगते हैं। भारतीय समाज की आत्मा उसकी विविधता में है। यहां प्रेम को ईश्वर का दर्जा दिया गया है, राधा-कृष्ण के अनुपम प्रेम से लेकर मीराबाई की भक्ति तक, हर रूप में प्रेम को ईमानदारी और समर्पण का पर्याय माना गया है। परंतु जब प्रेम की आड़ में छल, धोखा और सांस्कृतिक विघटन का षड्यंत्र बुना जाए, तब यह प्रेम नहीं रह जाता, यह एक सामाजिक अपराध बन जाता है। इसी संदर्भ में **लव जिहाद** जैसे शब्दों की व्याख्या और विमर्श की आवश्यकता है। यह सिर्फ राजनीतिक शब्द नहीं, बल्कि आज के दौर में धार्मिक मूल्यों के ह्रास और सांस्कृतिक क्षरण की गूंज है। **लव जिहाद** केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी सामाजिक हकीकत है जिसे नजरअंदाज करना आने वाली पीढ़ियों के लिए खतरनाक हो सकता है। प्रेम का धर्म से कोई विरोध नहीं होता, लेकिन जब धर्म का छद्म मुखौटा पहनकर प्रेम का बहाना बनाया जाता है, तब सवाल उठाना अनिवार्य हो जाता है। कई राज्यों की पुलिस ने इस विषय पर जांचें की हैं, अदालतों में मामले पहुँचे हैं, और कुछ मामलों में यह भी स्पष्ट हुआ है कि नाम, पहचान और मंशा छुपाकर लड़कियों को बहलाया गया, बाद में उन्हें जबरन धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया गया।

इस षड्यंत्र की जड़ें केवल व्यक्तिगत संबंधों तक सीमित नहीं हैं, इसके पीछे एक गहरी राजनीतिक और धार्मिक रणनीति काम कर रही है, जिसे तथाकथित उदारवाद, सेक्युलरिज्म और **'गंगा-जमुनी तहज़ीब'** का आवरण पहना दिया गया है। यह खेल सामाजिक समरसता के नाम पर हो रहा है और जो इसका विरोध करता है, उसे **'सांप्रदायिक', 'कट्टर' और 'प्रेम-विरोधी'** घोषित कर दिया जाता है। यहां प्रश्न प्रेम का नहीं, बल्कि प्रेम के नाम पर धर्म और पहचान की हत्या का है। अगर इस **लव जिहाद** को केवल व्यक्तिगत प्रेम कहकर टाल दें, तो वह भोले-भाले समाज को गहरी नींद में सुलाने जैसा है। क्या प्रेम की परिणिति केवल धर्मांतरण है? क्या यह एकतरफा धर्म-परिवर्तन ही **सांप्रदायिक सौहार्द** का प्रमाण बन गया है? कुछ वर्षों पहले एक शिक्षित, आत्मनिर्भर युवती ने, एक मुस्लिम युवक से विवाह किया। उसे बताया गया था कि धर्म का कोई महत्व नहीं, प्रेम ही सब कुछ है। विवाह के बाद वह न केवल अपना धर्म, बल्कि पहनावा, खान-पान, यहां तक कि अपने माता-पिता से मिलने का अधिकार भी खो बैठी। धीरे-धीरे उस पर पर्दा थोप दिया गया, हिजाब ओढ़ा दिया गया, और अंततः एक दिन समाचारों में उसकी संदिग्ध मौत की खबर आई। यह एक उदाहरण नहीं, ऐसी घटनाओं की श्रृंखला अब रोज़मर्रा की हकीकत बन गई है। विडंबना देखिए, जब कोई नेता इस पर बोले, तो सेक्युलरवाद खतरे में आ जाता है। जब कोई सरकार धर्मांतरण-रोधी कानून लाए, तो उसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ़ बताया जाता है। लेकिन जब एक परिवार अपनी बेटी की अर्थी को कंधा देता है, तब किसी **'धर्म-निरपेक्षता'** की आत्मा नहीं कांपती। यह प्रश्न केवल हिन्दू समाज का नहीं है, यह पूरी भारतीय सभ्यता और संस्कृति की जड़ें काटने की कोशिश है। यह समझना होगा कि जब प्रेम **जिहाद** बनता है, तब वह प्रेम नहीं, सांस्कृतिक आक्रमण बन जाता है। प्रेम, त्याग और समर्पण की भूमि पर पनपता है, धोखे और छल की जमीन पर नहीं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत केवल संविधान से नहीं, बल्कि संस्कारों से भी चलता है। जब इन संस्कारों पर हमला होता है, तब देश की आत्मा घायल होती है। **लव जिहाद** इसी आत्मा पर सुनियोजित हमला है।

इन घटनाओं को केवल व्यक्तिगत मामले कहकर टालना अब संभव नहीं है। जब समाज में बार-बार ऐसी घटनाएं घटित होती हैं, और उनका स्वरूप एक पैटर्न के रूप में सामने आता है, तो यह सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों पर एक सीधा आघात बन जाता है। भारतीय समाज में प्रेम का आधार परिवार की सहमति, पारस्परिक समझ और सांस्कृतिक मेल होता है। लेकिन **लव जिहाद** के मामलों में यह देखने को मिला है कि पहले नाम बदलकर युवकों द्वारा लड़कियों को प्रेम-जाल में फँसाया जाता है, फिर शादी के बाद धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता है और विरोध करने पर हिंसा, धमकी या सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है। यह प्रेम नहीं, एक प्रकार की मानसिक और धार्मिक हिंसा है। यहाँ यह कहना भी उचित होगा कि प्रत्येक अंतर-धार्मिक विवाह **लव जिहाद** नहीं होता। जब दो व्यक्ति परस्पर सहमति से, बिना किसी दबाव या छल के विवाह करते हैं, तो यह संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता के अंतर्गत आता है। लेकिन जब इस विवाह की नींव ही झूठ और पहचान के धोखे पर हो, तब यह स्वतंत्रता नहीं बल्कि एक संगठित सांस्कृतिक आक्रमण बन जाती है।

इस विषय पर चर्चा करते हुए यह आवश्यक है कि हम धार्मिक मूल्यों की भूमिका को भी समझें। भारत में हर धर्म, चाहे

वह हिन्दू हो, मुस्लिम हो, सिख या ईसाई, सभी में विवाह को एक पवित्र बंधन माना गया है। इस बंधन में पारदर्शिता, ईमानदारी और सेमान की भावना अपेक्षित होती है। जब इन मूल्यों का ह्रास होता है, तब न केवल एक व्यक्ति का जीवन बर्बाद होता है, संपूर्ण समाज में अविश्वास, कटुता और भय का माहौल उत्पन्न होता है। **लव जिहाद** की घटनाओं का प्रभाव केवल एक लड़की या एक परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह सामूहिक सामाजिक चेतना को भी आघात पहुँचाता है। जब समाज का विश्वास डगमगाता है, जब माता-पिता अपनी बेटियों की स्वतंत्रता को संदेह की निगाह से देखने लगते हैं, तब यह **प्रेम** नहीं, समाज में भय का बीज बोने वाली घटना बन जाती है। सरकारों ने इस विषय पर कड़े कानून बनाए हैं, जैसे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड में **धर्म-परिवर्तन निषेध कानून** लागू किया गया है। ये कानून यह सुनिश्चित करते हैं कि विवाह के नाम पर किसी को धोखा देकर, मजबूर करके, या लालच देकर धर्म परिवर्तन न करवाया जाए। लेकिन कानून अकेले पर्याप्त नहीं हैं। जब तक समाज की मानसिकता नहीं बदलेगी, जब तक युवा वर्ग को अपनी सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक मूल्य समझ नहीं आएँगे, तब तक यह समस्या जड़ से समाप्त नहीं होगी।

सिनेमा और मीडिया को भी इस विषय पर ईमानदारी दिखानी होगी। **'इश्क़'** के नाम पर **'जिहाद'** का महिमामंडन अब बंद होना चाहिए। वरना हम अपने ही घर की नींव को खोखला करनेवालों को ताज पहनाते रहेंगे। यह भी महत्वपूर्ण है कि धर्मगुरु और शिक्षाविद् इस विषय पर खुलकर सामने आएँ और युवाओं को जागरूक करें कि प्रेम केवल एक आकर्षण नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी धर्म, संस्कृति और मानवीय मूल्यों के साथ जुड़ी होती है। जब प्रेम को हम इस दृष्टि से देखने लगेंगे, तभी हम वास्तविक प्रेम और छद्म प्रेम के बीच अंतर समझ पाएँगे।

लव जिहाद का विषय केवल हिन्दू या मुस्लिम समुदाय तक सीमित नहीं है। यह हर उस समाज के लिए चेतावनी है जहाँ प्रेम की पवित्रता का अपहरण किया जा रहा है। जब भी कोई झूठ बोलकर, पहचान छुपाकर या धर्म के नाम पर प्रेम करता है, वह केवल उस व्यक्ति को नहीं, बल्कि उस प्रेम की आत्मा को भी छलता है। हमें यह भी समझना होगा कि सांस्कृतिक मूल्यों का ह्रास तब होता है जब हम गलत को नजरअंदाज करते हैं या केवल उदारता के नाम पर सच्चाई को झूठ से ढंकने का प्रयास करते हैं। एक प्रगतिशील समाज वही होता है जहाँ स्वतंत्रता के साथ-साथ जिम्मेदारी भी समझी जाए, और जहां प्रेम के नाम पर किए जा रहे अपराधों के खिलाफ आवाज़ उठाई जाए। प्रेम तभी तक पवित्र है, जब तक वह सच्चाई, समानता और सम्मान पर आधारित हो। अन्यथा, वह केवल छलावे का एक आधुनिक नाम बनकर रह जाता है। आज आवश्यकता है सतर्कता की, संवाद की और साहस की, ताकि हमारे धार्मिक मूल्य सुरक्षित रहें, हमारी बेटियाँ सुरक्षित रहें, और समाज प्रेम के वास्तविक अर्थ को समझ सके। **लव जिहाद** समय की चेतावनी है, जिसे नजरअंदाज करना अपने भविष्य को अंधकार में धकेलना है। क्योंकि **जहाँ धर्म की रक्षा नहीं होती, वहाँ प्रेम भी स्थायी नहीं रह सकता। और जहाँ प्रेम छल से दूषित हो, वहाँ धर्म भी अपवित्र हो जाता है।**

गीत

बेशक परिवर्तन आया है, सम्बन्धों में तनातनी है।
घर-आँगन दीवार-द्वार तक, बदल गये पर प्रीति न बदली।।

पहनावे अभिरुचियाँ बदलीं, अकड़न बदली नहीं किसी की।
नर-नारी की चाहत बदली, धड़कन बदली नहीं किसी की।।

साँस वही है आस वही है, जीवन का आभास वही है।
दुनिया का विश्वास डिगा पर, प्रथम प्रणय की रीति न बदली।।
घर-आंगन दीवार-द्वार तक, बदल गये पर प्रीति न बदली।।

चाल-चलन में चालाकी है, भोलापन हो गया हवाई।
चेहरे पर चिकनापन भारी, गुपचुप मलने लगे मलाई।।

चुम्बन है आलिंगन भी है, कम्पन है आलम्बन भी है।
अभिनन्दन बदले हैं लेकिन, कायरता की भीति न बदली।।
घर-आँगन दीवार-द्वार तक, बदल गये पर प्रीति न बदली।।

एकाकी हो गयी जिन्दगी, द्वेष द्रोह सा अड़ा खड़ा है।
मात्र प्रदर्शन को जीवित सा, परिवारों में मोह खड़ा है।।

पनघट सूना नलघट सूना, तट मरघट पर जमघट दूना।
तनघट काम विरक्त भले हो, पर मनघट ने नीति न बदली।।
घर-आँगन दीवार-द्वार तक, बदल गये पर प्रीति न बदली।।

बिजली की इस चकाचौंध में, दीपक के उजियारे घायल।
पाँव मुक्त हैं तब से जब से, बन्धन के विरोध में पायल।।

राजा-रानी की न कहानी, कहती घर में दादी-नानी।
कविता है अब नई-पुरानी, सब बदला पर गीति न बदली।।
घर-आँगन दीवार-द्वार तक, बदल गये पर प्रीति न बदली।।

-गिरेन्द्रसिंह भदौरिया

लव जिहाद : परिवार में खुलकर बात करें इस पर

अमित राव पवार, देवास

हमें यह समझना होगा कि यह युद्ध किसी संगठन या संस्था का नहीं, स्वयं की अस्मिता और सेमान का है। जब कोई लड़की अपनी मर्यादा की रक्षा नहीं कर पाती, तब उसका पूरा परिवार दाँव पर लग जाता है। हमें समाज में जागरूकता लानी होगी, हर घर में इस विषय पर खुलकर बात करनी होगी। यह वैसा ही संक्रमण है जैसा कोरोना था - फर्क बस इतना है कि वह बीमारी छूने से फैलती थी और यह विचारों से। सरकार ने धर्मातरण पर सख्त कानून बनाए हैं, किन्तु समाज को भी सजग रहना होगा। जब तक हम स्वयं जागरूक नहीं होंगे, कानून अकेले कुछ नहीं कर सकता। हमें अपनी बेटियों को सिखाना होगा कि उनका शरीर और आत्मा उनके हैं, और उनकी रक्षा का उत्तरदायित्व भी उन्हीं का है।

आत्मनिरीक्षण - यह सच है कि कुछ मुस्लिम युवकों द्वारा यह रणनीति अपनाई जा रही है, पर यह भी उतना ही सच है कि हमारी लड़कियाँ स्वयं को कमजोर बना रही हैं। कोई भी गैर-मर्द तब तक हमारी बहनों को हाथ नहीं लगा सकता जब तक हम स्वयं उन्हें सशक्त और संस्कारित नहीं बनाते। हमें उन्हें राधा-कृष्ण, सीता-राम, मीरा और झांसी की रानी जैसे पवित्र उदाहरणों से जोड़ना होगा।

क्या लव जिहाद केवल एक पक्ष की करतूत है?

यह प्रश्न आज के सामाजिक विमर्श में अत्यंत आवश्यक हो गया है। क्या यह सत्य नहीं है कि इसमें हमारी अपनी बेटियाँ भी अनजाने में या कहीं-कहीं जानबूझकर भागीदार बन रही हैं? माता-पिता अपने बच्चों, विशेष रूप से बेटियों को शिक्षा दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए घर से बाहर भेजते हैं, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें, सम्मानपूर्वक ढंग से जीवनयापन करें। परंतु दुःखद यह है कि कई बार वही बेटियाँ प्रेमजाल में फँसकर न केवल अपना भविष्य संकट में डालती हैं, बल्कि अपने माता-पिता की प्रतिष्ठा और विश्वास को भी आघात पहुँचाती हैं। 19-20 वर्ष की आयु की ये बालिकाएँ यदि अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें, अपने जीवन को रचनात्मकता और आत्मसम्मान की दिशा में आगे ले जाएँ, तो शायद कोई भी ताकत उन्हें भ्रमित नहीं कर सकती। लेकिन जब यह उम्र केवल बॉयफ्रेंड और टाइमपास की गलियों में खो जाती है, तब वह निर्णय लेने की परिपक्वता और आत्म-संरक्षण की चेतना धीरे-धीरे समाप्त होने लगती है। कोई भी परिवार अपनी बेटी को यह शिक्षा नहीं देता कि वह किसी अनजान पुरुष से इतना जुड़ जाए कि अपनी आत्मा और शरीर तक सौंप दे। चाहे वह लड़का किसी भी धर्म का हो, सवाल यह है कि हमारी बेटियाँ अपनी अस्मिता किसी के भी हाथ में क्यों सौंप रही हैं? कैसे कोई अपरिचित व्यक्ति उनका विश्वास, प्रेम, संवाद और अंततः उनके जीवन पर अधिकार कर लेता है? यह वही भारत है जहाँ रानी पद्मावती ने अपनी शुचिता की रक्षा हेतु अग्नि को गले लगाया था। यह वही धरती है जहाँ सीता

का आदर्श आज भी लाखों बेटियों के लिए पवित्रता और मर्यादा का प्रतीक है। हम उसी परंपरा को भूलकर आज अपने आत्मसम्मान को स्वयं ठुकरा रहे हैं। **लव जिहाद** केवल एक धार्मिक षड्यंत्र नहीं है, यह उस सामाजिक और वैचारिक कमजोरी का परिणाम भी है, जहाँ बेटियाँ अपने आत्मबल को खो रही हैं। यदि कोई लड़की स्वयं तटस्थ और दृढ़ न हो, तो फिर कोई दूसरा उसकी मर्यादा की रक्षा कैसे करेगा? यह केवल कानून या सरकार का मामला नहीं, यह समाज और परिवार के भीतर की वैचारिक पराजय भी है। हम अपने रिश्ते के लिए मर्यादित होते हैं किंतु वे अपने रिश्ते के लिए मर्यादित नहीं। ये भी एक बो अंतर **लव जिहाद** का दिखाई देता है।

यह प्रश्न केवल प्रेम की आड़ में होने वाली साजिशों का नहीं है, बल्कि यह भी है कि वह प्रेम आया कहाँ से? बढ़ा कैसे? और इस कदर गहरा कैसे हो गया कि आत्मा और अस्तित्व तक को किसी और के हवाले कर दिया गया। लव जिहाद कोई मामूली समस्या नहीं, यह एक सामाजिक-सांस्कृतिक युद्ध है। हमें इसमें सजगता, आत्मबल, धर्म और न्याय के साथ उतरना होगा। अगर हमने समय रहते उचित निर्णय नहीं लिया, तो यह रोग हमारी सेयता और संस्कृति को खोखला कर देगा। अतः आज आवश्यकता है कि हम अपनी बेटियों को धर्म, संस्कृति, शिक्षा और आत्मरक्षा से सज्ज करें, उन्हें मजबूत बनाएं ताकि कोई भी छल-कपट उन्हें छू भी न सके। तभी हम इस युद्ध में विजय प्राप्त कर सकेंगे।

दैनिक भास्कर उज्जैन 08-05-2025

लव जिहाद की घटनाओं के चलते स्कूल-कॉलेज, कोचिंग सेंटर पर पहुंचकर बता रहे कि अनजान से दोस्ती न करें

कोई ब्लैकमेल का प्रयास करे तो तत्काल अभिभावक व पुलिस को सूचना देने के लिए कर रहे जागरूक

मातरम् इंडिया

फिर सामने आया लव जिहाद का केस, धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

फरदीन ने कमल बनकर छात्रा को फांसा, रेप कर किया ब्लैकमेल

आधार कार्ड से पता चला असली नाम

दैनिक भास्कर इंदौर 04-05-2025

संडे बिग स्टोरी राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम पहुंची, नबील बोला- छात्राओं को गलत मंशा से रूम पर बुलाया

लव जिहाद: आसपास के कस्बों तक फैला नेटवर्क

आरोपी फरहान पर एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज

खुलासा फर्स्ट

तिलक नगर पुलिस ने जीरो पर केस दर्ज कर आगर-मालवा भेजी डायरी

पति के मुस्लिम जिहादी दोस्त ने हिंदू बनकर फंसाया था प्रेम जाल में

शादीशुदा महिला को बंधक बनाकर धर्मांतरण और गैंगरेप, एक गिरफ्तार

कई दस्तावेजों पर जबरन साइन करवाए

दैनिक भास्कर देवास 07-06-2025

छात्रा आत्महत्या मामला : अभा बलाई महासंघ ने दिया ज्ञापन, आरोपी का मकान तोड़ने व एनएसए की कार्रवाई की मांग की

नारेबाजी-प्रदर्शन के दौरान वीडियो बना रहे दो युवकों को भीड़ ने पीटा

मुस्लिम युवक ले भागा युवती को बजरंगियों ने थाने का किया घेराव

नाबालिग लड़की से मिलने पहुंचे दो नाबालिग मुस्लिम लड़कों की जमकर पिटाई

कर्नाटक में मिली थी युवती की लोकेशन

दैनिक भास्कर मंदसौर भास्कर 17-05-2025

सर्व हिंदू समाजजनों ने लव जिहाद को लेकर जताया विरोध, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

दैनिक भास्कर जावरा भास्कर 15-05-2025

प्रदर्शन • विहिप-बजरंग दल ने आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया, आंदोलन की दी चेतावनी

महू की महिला को आलोट के युवक ने लव जिहाद में फंसाकर किया प्रताड़ित, विरोध में हिंद संगठनों ने निकाला मार्च, आक्रोश

स्वदेश

www.swadeshnews.in

मध्यप्रदेश में अब 'जिम जिहाद' के जरिये निशाने पर आ रहीं हिन्दू युवतियां

मुकेश बनकर हिंदू युवती का शोषण कर रहा था यूसुफ

स्वदेश समाचार ■ इंदौर

लव जिहाद को आर्थिक मदद करने वाले कांग्रेस पार्षद कादरी का स्याह कुनबा

'डकैत' सहित चारों भाई हैं हिस्ट्रीशीटर

क्या है पूरा मामला

कोई अपहरण का आरोपी, कोई 10 साल की सजा काट रहा

अब महू की युवती ने मोहसिन के खिलाफ केस दर्ज कराया

इंदौर | शूटिंग की आड़ में युवतियों से दुष्कर्म करने वाले आरोपी मोहसिन खान पर अब महू थाना में शुक्रवार को एफआईआर दर्ज हुई है। नेशनल लेवल की शूटर ने ...

2022 में मोहसिन की इंदौर स्थित शूटिंग एकेडमी में महू की एक युवती भी शूटिंग सीखने के लिए जाती थी। एक दिन मोहसिन ने युवती को बात करने के लिए धार नाका प्रजापत मोहल्ला स्थित अपने घर बुलाया और जबरदस्ती की कोशिश की। महू टीआई राहुल शर्मा ने बताया युवती ...

मध्यप्रदेश में अब 'जिम जिहाद' के जरिये निशाने पर आ रहीं हिन्दू युवतियां

▸ भोपाल में पिछले तीन साल में 22 हिन्दू युवतियों ने बदला धर्म ▸ प्रदेश में अधिकांश जिम संचालक जिहादी मानसिकता के

लव जिहाद की तरह संगठित अपराध लगता है 'जिम जिहाद'

भोपाल में एक पूर्व विधायक की बेटी भी हो चुकी है शिकार

अनुराग उपाध्याय ■ भोपाल

यदि आप अपने घर की किसी महिला सदस्य को जिम के लिए भेज रहे हैं तो सावधान हो जाइये। कारण यह है कि कुछ जिहादी मानसिकता के लोग जिम के जरिए उन्हें टारगेट कर रहे हैं। भोपाल में ही पिछले तीन साल में ऐसे 22 मामले सामने आ चुके हैं जिनमें हिन्दू युवतियों ने अपना धर्म बदल लिया। बदनामी के डर से इनके परिजन ने नाता तोड़कर चुप्पी साध ली है। इतना ही नहीं एक पूर्व विधायक की बेटी भी जिम जिहाद का शिकार होकर अपने घर से अलग हो गई थी लेकिन उसे जैसे-तैसे जिहादियों के चंगुल से बचाया जा सका। भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, छिंदवाड़ा से भी जिम जिहाद के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन पुलिस में मामले दर्ज नहीं होने से इस समस्या पर अभी भी पर्दा डला हुआ है।

इस समय देखें तो प्रदेश में अचानक जिम की बाढ़ आ गई है। प्रदेश भर में लगभग 1900 जिम संचालित हो रही हैं। भोपाल की बात करें तो यहां तकरीबन हर मोहल्ले में दो जिम हैं। अकेले भोपाल में जिम की संख्या लगभग 610 है। मप्र में जिम संचालक और ट्रेनर कौन लोग हैं, इसकी पूरी जानकारी पुलिस और प्रशासन के पास नहीं है। सामाजिक संगठन इस मसले पर प्रशासन को सचेत कर चुके हैं। लेकिन लगता है सिस्टम किसी बड़ी घटना के इंतजार में है।

बड़े शहरों में संचालित जिम की अनुमानित संख्या

शहर	संख्या	शहर	संख्या
भोपाल	610	उज्जैन	150
इंदौर	600	सागर	50
जबलपुर	140	रीवा	40
ग्वालियर	90	छिंदवाड़ा	35

महत्वपूर्ण तथ्य

- भोपाल में वर्ष 2016 में पहली बार जिम में एकसरसाइज करने जाने वाली हिन्दू युवती के कन्वर्जन का मामला सामने आया था।
- भोपाल में अधिकांश जिम संचालक या ट्रेनर, समुदाय विशेष से जुड़े हुए हैं। ये सभी एक संगठित गैंग की तरह काम कर रहे हैं।
- भोपाल में अभी और बड़े जिम की संख्या बहुत कम है।
- बस्तियों में खास मकसद से चलाए जा रहे हैं जिम।
- वर्ष 2017 के बाद बड़ी संख्या में खोले गए जिम।
- जिम की निगरानी के लिए प्रशासन के पास नहीं कोई फुलप्रूफ प्लान।

आ रही है पालकी... बाबा महाकाल की...

श्री महाकालेश्वर सावन-भादों नगर भ्रमण 2025

14 जुलाई : पहली सवारी

21 जुलाई : दूसरी सवारी

28 जुलाई : तीसरी सवारी

04 अगस्त : चौथी सवारी

11 अगस्त : पांचवी सवारी

18 अगस्त : राजसी सवारी

अगस्त माह के मुख्य व्रत, त्यौहार एवं दिवस

ता. 09 रक्षाबंधन, स्नानदान पूर्णिमा
ता. 09 विश्व आदिवासी (जनजाति) दिवस
ता. 12 अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस
ता. 15 स्वतंत्रता दिवस
ता. 16 श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
ता. 27 विनायकी व्रत, भ. गणेश स्थापना

बुक-पोस्ट

जाग्रत मालवा

प्रति,

स्वामी- विश्व संवाद केन्द्र के लिए प्रकाशक और मुद्रक दिनेश गुप्ता द्वारा मुद्रांकण ऑफसेट ए-11डी, पोलोग्राउण्ड इन्दौर म.प्र. से मुद्रित एवं अर्चना भवन, 76 रामबाग, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक राकेश दाँगी फोन नं. 0731-3551341